# म.प्र. राज्य एवं वन सेवा प्रारम्भिक परीक्षा आज

## जूते-मोजे पहनकर परीक्षा कक्ष में ले जाने की अनुमति नहीं

नवभारत न्यूज

**दतिया, 25 अप्रैल।** म.प्र. राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन 26 अप्रैल को प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 बजे से सायं 4.15 बजे तक जिले के पांच परीक्षा केन्द्रों जिनमें शासकीय हायर सेकेण्ड्री विधालय क्रमांक 1 ठंड़ी सड़क दतिया, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकेण्ड्री स्कूल पोस्ट ऑफिस के पास दतिया, शासकीय हाई स्कूल सिविल लाईन दतिया, शासकीय हायर सेकेण्ड्री विधालय क्रमांक 2 ठंड़ी सड़क दतिया, शासकीय पीजी कॉलेज जिला चिकित्सालय के पास दतिया पर आयोजित की जायेगी।

परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की त्रिस्तरीय जांच की जाएगी, जिसमें बायोमेट्रिक सत्यापन, प्रवेश पत्र की स्कैनिंग तथा एचएचएमडी के माध्यम से जांच शामिल है।

अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से 90 मिनट पूर्व पहुंचना अनिवार्य होगा। परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार पर अनुमत एवं वर्जित वस्तुओं की जानकारी प्रदर्शित रहेगी, जिसका पालन करना आवश्यक होगा। परीक्षा कक्ष में स्टेशनरी संबंधी सामग्री जैसे- पेंसिल, रबर (इरेजर), व्हाइटनर, स्केल, बैग्स, पठन सामग्री, आई.टी. गैजेट्स व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे- मोबाइल फोन, पेनड्राइव, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, हैंडफ्री, डिजिटल घड़ी, स्मार्ट घड़ी, एनालॉग घड़ी, कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या अन्य कोई ऐसे उपकरण जो संचार उपकरण के रूप में उपयोग किए जाते हैं। एसेसरीज जैसे- बालों को बांधने वाले क्लचर/बक्कल, हाथ के बैंड/हाथ में पहने जाने वाले मैटेलिक बैंड/चमड़े के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बेल्ट, कफलिंग, धूप का चश्मा, पर्स/वॉलेट, टोपी। अन्य वस्तुएं जैसे- चाबी, लाइटर्स/माचिस बॉक्स, किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, शार्पनर, ब्लेड तथा अन्य कोई कीमती सामान साथ ही जूते-मोजे पहनकर परीक्षा कक्ष में ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी।

अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में केवल ई-प्रवेश पत्र, वैध पहचान पत्र, गोले बनाने हेतु निर्धारित स्याही का पेन, स्वयं का फोटोग्राफ (यदि आवश्यक हो), पानी की पारदर्शी बॉटल, दिव्यांग परीक्षार्थियों हेतु उनके लिए आवश्यक सामग्री, अन्य कोई सामग्री जो ई-प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट हो ले कर जा सकते हैं।

## दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**दतिया, 25 अप्रैल।** नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को उनाव पुलिस ने किया गिरफ्तार थाना प्रभारी यतेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पोस्को एक्ट में फरार आरोपी रिषभ पुत्र भगवानदास कुशवाहा निवासी सिमिरिया थाना उनाव जिला दतिया को थाना उनाव पुलिस ने किया गिरफ्तार।

उन्होंने 24 अप्रैल को पीडिता ने आरोपी रिषभ कुशवाह के विरुद्ध रात्रि में घर में घुसकर जबरदस्ती गलत काम कर मारपीट करने एवं किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने संबंधी रिपोर्ट की थी जिस पर से आरोपी के विरुद्ध अप.क्र. 62/2026 धारा- 65 (1), 115(2), 331(4),351 (2) बी.एन.एस, 3/4 पोक्सो एक्ट का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया।

दौराने विवेचना 24 अप्रैल को आरोपी रिषभ पुत्र भगवानदारा कुशवाहा निवासी शिगिरिया थाना उनाव जिला दतिया को गिरफ्तार किया, जेआर पर न्यायालय दतिया पेश किया गया है।

## जिलाधीश और पुलिस अधीक्षक ने चौपाल पर किया भोजन और संवाद



नवभारत न्यूज

**दतिया, 25 अप्रैल।** प्रशासन गांव की ओर कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े एवं पुलिस अधीक्षक सूरज वर्मा विगत शुक्रवार शाम में ग्राम बीकर पहुंचे, जहां आयोजित ग्राम चौपाल में उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वानखड़े ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि प्रशासन स्वयं गांव तक पहुंचे और नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करे।

चौपाल के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, मूलभूत सुविधाओं तथा स्थानीय आवश्यकताओं की जानकारी ली। ग्राम भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने पूरे गांव का पैदल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, विद्यालय और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक रहने और मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर श्री वानखड़े ग्राम स्थित मंदिर पहुंचे, जहां दर्शन किए उन्होंने गांव में संचालित छोटे व्यवसायों, दुकानदारों से भी संवाद कर उनके कार्य-व्यवसाय और आवश्यकताओं की जानकारी ली।

कलेक्टर ने ग्राम में साफ-सफाई, मूलभूत सुविधाओं एवं जनहित से जुड़े कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए अपनी समस्याएं साझा कीं और समाधान की अपेक्षा जताई।

# नगर में नहीं बन सका मीट मार्केट, खुले में बिक रहा मांस

## गली मोहल्ले में नहीं बिके मीट, इसलिए 70 लाख 84 हजार की लागत से टंचिंग ग्राउंड के पास बननी थी मीट मार्केट



नवभारत न्यूज

**भांडेर 25 अप्रैल।** नगर में मीट मार्केट को व्यवस्थित करने की कवायद शुरू हो सके। इसलिए नगर पंचायत द्वारा 70 लाख 84 हजार रुपए की लागत से ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा था जिससे नगर में लोगों की परेशानियों को खत्म किया जा सके। लेकिन 5 वर्ष बीतने के बाद भी मीट मार्केट का निर्माण नहीं हो सका है द्य जिसके चलते आज भी मांस विक्रेता खुले में ही दुकानें लगाने को मजबूर हैं। इस अव्यवस्थित व्यवस्था का खामियाजा आम जनता के साथ-साथ मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी भुगतना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार नगर परिषद द्वारा वर्षों पहले मीट मार्केट निर्माण की योजना बनाई गई थी, ताकि मांस विक्रेताओं को एक निर्धारित स्थान मिल सके और शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनी रहे। लेकिन प्रशासनिक उदासीनता और निर्माण कार्य में देरी के कारण आज तक यह परियोजना पूरी नहीं हो सकी है। वर्तमान में नगर के मुख्य मार्गों और धार्मिक स्थलों के आसपास खुले में मांस की बिक्री हो रही है। इससे न केवल गंदगी फैल रही है, बल्कि मंदिरों में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की भावनाएं भी आहत हो रही हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि खासतौर पर त्योहारों और विशेष अवसरों पर यह समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। नगरवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द मीट मार्केट का निर्माण पूरा कराने की मांग की है, ताकि शहर में स्वच्छता बनी रहे और धार्मिक स्थलों की गरिमा भी प्रभावित न हो। नगर में मीट मार्केट की समस्या लंबे समय से चली आ रही है। यहां मीट मार्केट नहीं होने से अधिकांश मीट के कारोबारी खटिकयाना मोहल्ले में जगह जगह दुकानों का संचालन करते हैं।

चूंकि कई दुकानें ऐसे स्थानों पर हैं जहां से मंदिर व स्कूल जाने का मुख्य रास्ता है। दुकानदारों द्वारा दुकानों पर मांस को बाहर लटकाया जाता है, ऐसे में वहां से निकलने वाले लोगों की भावना आहत होती है। हालांकि लोगों द्वारा लंबे समय से मीट मार्केट को व्यवस्थित करने की मांग की जाती रही है। लोगों ने कई बार इस संबंध में ज्ञापन भी दिए। बाद नगर पंचायत ने 70 लाख 84 हजार रुपए की लागत से प्रस्ताव तैयार किया था। विधायक रक्षा संतराम सिरौनिया के प्रयास से प्रस्ताव को शासन द्वारा 28 अक्टूबर 2021 को स्वीकृति दी गई। जसके बाद सरसई रोड स्थित टंचिंग ग्राउंड के पास खाली जगह को मीट मार्केट के लिए चिन्हित कर लिया गया। यहां मीट मार्केट विकसित के लिए ठेकेदार द्वारा कार्य भी प्रारंभ कराया गया। यहां लगभग 25 दुकानों का निर्माण किया जाना था।

कई बार दिए ज्ञापन नगर में मीट की दुकानें जगह जगह होने से स्थानीय लोगों द्वारा कई बार विरोध किया। लोगों द्वारा दुकानों को हटाने के लिए कई बार ज्ञापन भी दिए गए हैं। चूंकि खटिकयाना मोहल्ले में वन के हनुमान मंदिर व शीतला माता मंदिर जाने वाले रास्ते पर भी दुकानें खुली हैं। जिसका समय समय पर लोगों द्वारा विरोध किया गया। जिसके बाद मीट मार्केट के निर्माण को स्वीकृति मिली थी।

180 दिन में होना था निर्माण दृ ठेकेदार द्वारा वर्क ऑर्डर होने के 180 दिन यानि छह महीने में दुकानों का निर्माण किया जाना था। लेकिन वर्क ऑर्डर के 5 वर्ष बाद भी नगर में मीट मार्केट का निर्माण नहीं हो सका है जिस वजह से आम जन परेशान है।

## बिटिया ने कहा दादा गर्मी बहुत है घर पर ना पंखा है और ना ही कूलर

पूर्व गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने बच्चों से कहा आप चिंता नहीं करो एक घण्टे में दोनों के घर कूलर पहुंचा



नवभारत न्यूज

**दतिया, 25 अप्रैल।** शनिवार को दतिया नगर के वार्ड क्रमांक 3 में जन चौपाल चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें चौपाल चर्चा के दौरान वार्ड के निवासियों ने पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा स्वागत किया वार्ड के निवासियों से उन्होंने वन टू वन चर्चा की और तत्काल उनकी समस्याओं का निदान किया।

उन्होंने वार्ड में निवासरथ बाल्मिक परिवार के बच्चे हिमांशु बाल्मिक और बिटिया कामनी बाल्मिक ने कहा दादा गर्मी बहुत है घर पर ना पंखा है और ना ही कूलर बच्चों की बात सुनकर पूर्व गृह मंत्री डॉ मिश्रा ने बच्चों से कहा आप चिंता नहीं करो आपके लिए आपका परिवार का सदस्य मैं बैठा हूं आप घर जाओ एक घंटे के अंदर कूलर की व्यवस्था हो जाएगी और आपके घर पर पहुंच जाएगा। तत्काल 1 घंटे में उन दोनों बच्चों हिमांशु वाल्मीकि और कामिनी बाल्मिक के घर पर कूलर भिजवा दिया और डॉ मिश्रा ने कहा जनता की सेवा ही मेरी पहली प्राथमिकता है आपको चिंता करने की जरूरत नहीं हमेशा मैं आपके साथ खड़ा हू इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा भाजपा जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी मंडल अध्यक्ष डॉ राजू त्यागी श्रीमती सुलक्षणा गागोटिया मीनाक्षी कटारे रेखा रानी सोनी सहित बूथ अध्यक्ष और वार्ड के कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे।

## संतुलित पोषणयुक्त आहार लें : डॉ .आयुषी

**दतिया, 25 अप्रैल।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दतिया की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में नारी शक्ति वंदन एवं पोषण पखवाड़े के अंतर्गत शनिवार को पोषण आहार एवं मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जयश्री त्रिवेदी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया से स्त्री रोग एवं प्रसूति विभाग से सहायक प्राध्यापक डॉ. विधि सिंह एवं उनकी सहयोगी डॉ. आयुषी उपस्थित हुई। जिन्होंने विद्यार्थियों को संतुलित पोषण युक्त आहार लेने की सलाह दी जिससे शरीर में विटामिन्स की प्रतिपूर्ति होती रहे तथा एनीमिया, रतौंधी, स्कर्वी जैसी बीमारियों से बचाव हो सके। मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए योग एवं ध्यान के महत्व को प्रतिपादित किया।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती दीपिका दीक्षित ने किया। इस दौरान डॉ. जयंती अहिरवार ने किया।

## उनाव थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को किया गिरफ्तार



**उनाव, 25 अप्रैल।** उनाव थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी शिवम कमरिया पुत्र राजीव कमरिया निवासी परासरी थाना उनाव जिला दतिया को थाना उनाव पुलिस ने किया गिरफ्तार। थाना प्रभारी यतेन्द्र भदौरिया ने बताया कि 22 अप्रैल को पीड़िता ने आरोपी शिवम कमरिया के विरुद्ध जबरदस्ती अपनी मोटर साइकिल से ले जाकर पीड़िता के साथ जबरदस्ती गलत काम करने एवं किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने संबंधी रिपोर्ट की थी जिस पर से आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबध्द किया जाकर विवेचना में लिया गया। दौराने विवेचना 24 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर से आरोपी शिवम कमरिया पुत्र राजीव कमरिया निवासी परासरी थाना उनाव जिला दतिया को झांसी-उनाव रोड पुल के पास से गिरफ्तार किया, जेआर पर न्यायालय दतिया पेश किया गया।

## शॉर्ट सर्किट : किसान का घर जला, 70 हजार सहित सामान खाक



नवभारत न्यूज

**दतिया, 25 अप्रैल।** दतिया जिले के ग्राम खरग में शनिवार शाम एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां किसान भगवान सिंह यादव के अस्थायी निवास में आग लगने से पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। घटना शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, किसान भगवान सिंह यादव का मकान निर्माण कार्य गांव की मुख्य पक्की सड़क के पास उनकी कृषि भूमि पर चल रहा था। इसी दौरान वे अस्थायी रूप से झोंपड़ी बनाकर परिवार सहित वहीं निवास कर रहे थे और घर का सारा सामान भी वहीं रखा हुआ था।

बताया गया है कि अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण झोंपड़ी में आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे घर में रखा खाने-पीने का सामान, जरूरी दस्तावेज, फाइलें और पूरा घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। सबसे बड़ी क्षति किसान को उस समय हुई जब हाल ही में बेची गई फसल के 70 हजार रुपये, जो लकड़ी की अलमारी में रखे थे, वह भी आग की भेंट चढ़ गए।

मौके पर आधी जली हुई नोटों की गड्डियों के अवशेष मिले हैं। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। किसान परिवार ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है, ताकि इस भारी नुकसान की भरपाई हो सके।

## लोक अदालत की बैठक आयोजित

**दतिया, 25 अप्रैल।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शनिवार को 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला स्थापना दतिया के समस्त न्यायाधीशगण एवं तहसील न्यायालय सेवढ़ा एवं भांडेर के न्यायाधीशगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा समस्त न्यायाधीशगण को लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के अधिकाधिक वाद को चिन्हित किए जाने हेतु, चिन्हित वाद के पक्षकार को सूचित करने के लिए नोटिस जारी किए जाने हेतु एवं प्रीसिटिंग बैठकों का आयोजन किए जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में कहा गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक मामलों को चिन्हित किया जावे और संधिवार्ता द्वारा निस्तारण का प्रयास किया जावे, साथ ही सरकार के विभिन्न विभागों को सम्मिलित करते हुए विभिन्न प्रकृति के प्री लिटिगेशन प्रकरणों को चिन्हित किया जाए और अधिकाधिक निराकरण का प्रयास किया जाये। इस अवसर पर जिला न्यायालय दतिया के न्यायाधीशगण भौतिक रूप से एवं तहसील न्यायालय सेवड़ा तथा भांडेर के न्यायाधीशगण वर्चुअल रूप से बैठक में उपस्थित थे।

## तिवारी दिल्ली यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट रजिस्ट्रार पद के लिए चयनित, देशभर में प्रथम स्थान हासिल किया

नवभारत न्यूज

**सेंवढ़ा, 25 अप्रैल।** सेंवढ़ा टीआई रहे रवींद्र तिवारी के पुत्र यथार्थ तिवारी का चयन दिल्ली विश्वविद्यालय में सहायक कुलसचिव (असिस्टेंट रजिस्ट्रार) पद के लिए हुआ है। उन्होंने इस परीक्षा में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त कर शहर का नाम गौरवान्वित किया है। उल्लेखनीय है कि इस पद के लिए देशभर में केवल 11 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने भाग लिया था।

कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच यथार्थ ने ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वर्तमान में यथार्थ तिवारी सुप्रीम कोर्ट में जूनियर कोर्ट असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हैं। नौकरी के साथ-साथ उन्होंने इस परीक्षा की तैयारी की और सफलता हासिल की।

उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि के पीछे सबसे बड़ा योगदान टाइम मैनेजमेंट का रहा। नियमित अध्ययन, अनुशासन और स्पष्ट लक्ष्य के साथ उन्होंने तैयारी जारी रखी। उनका मानना है कि निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने कहा कि उनका अंतिम लक्ष्य यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर सिविल सेवा के माध्यम से देश की सेवा करना है।

उनकी इस सफलता से शहर के युवाओं को नई प्रेरणा मिली है। परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सड़कों पर आवारा पशुओं का आतंक बना सिरदर्द

## हादसों के बाद भी परिषद नहीं दे रही ध्यान

**भांडेर, 24 अप्रैल।** नगर में आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या लोगों के लिए सिरदर्द और जान को खतरा बन रही है। मैन रोड ही नहीं बल्कि हर गली मोहल्ले में आवारा पशुओं का आतंक है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने आंखों पर पट्टी बांध रखी है। ऐसे में कभी किसी के साथ हादसा हुआ तो फिर जिम्मेदारों का जवाब देना भारी पड़ेगा। हालांकि जान की कोई कीमत नहीं होती है लेकिन हादसे पर मुआवजा राशि जिम्मेदार अधिकारियों की जेब से दिलाई जाए तो उनकी आंखें खुल सकती हैं।

नगर में सबसे ज्यादा आवारा सांड, सूअर व कुत्ते हैं। इसके बाद गायों का नंबर आता है। शहर में कुछ लोगों ने गाय पाल रखी हैं, लेकिन अधिकांश लोग दूध निकालने के बाद गायों को डंडा मारकर सड़क पर इधर-उधर चारे के लिए मुंह मारने को छोड़ देते हैं। सड़क और सार्वजनिक स्थलों पर मंडराते आवारा पशु लोगों की जान के लिए खतरा बन गए हैं। सब्जी मंडी में सांडों का आतंक इस कदर है कि लोग सब्जी खरीदने के लिए आने से कतरा रहे हैं। इसी प्रकार गली मोहल्लों में भी आवारा पशुओं का जमावड़ा रहता है। आवारा पशु झुंड में रहते हैं जो किसी पर अटैक करें तो बचना मुश्किल है।

दूसरी ओर कुत्तों का आंतक हर गली मोहल्ले में है। इधर लोगों का कहना है कि शहर में बढ़ते आवारा पशु लोगों की जान के लिए बड़ा खतरा है। आवारा पशुओं को पकड़कर गोशाला या जंगल में छोड़ने की ड्यूटी नगर परिषद की है लेकिन नगर परिषद की लापरवाही से शहर में आवारा जानवर दिन पे दिन बढ़ रहे हैं।




## आत्मरक्षा प्रशिक्षण में छात्राओं को सिखाए सुरक्षा के गुर

नवभारत न्यूज

**दतिया, 25 अप्रैल।** शासकीय पी.जी.कॉलेज में 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' कार्यक्रम के अंतर्गत आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें आवश्यक सुरक्षा कौशल प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में डॉ. मुकेश गुर्जर ने छात्राओं को विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि आपात स्थिति में शरीर के संवेदनशील अंगों जैसे आँख, नाक और घुटनों पर प्रहार कर स्वयं को सुरक्षित किया जा सकता है। साथ ही जोर से आवाज लगाना और मदद के लिए चिल्लाना भी आत्मरक्षा का प्रभावी तरीका है, जिससे आसपास के लोगों का ध्यान आकर्षित होता है और खतरे से बचाव संभव होता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. जयश्री त्रिवेदी ने की, जबकि संचालन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट नाज़िश शेख द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. डी.पी. अहिरवार,प्रो. संजय श्रीवास्तव, प्रो. कोक सिंह दादोरिया, डॉ. भगवान सिंह, डॉ. राम मिलन केवट, डॉ. अमिता यादव सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक एवं स्टाफउपस्थित रहे।कार्यक्रम में कुल 45 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें एनसीसी कैडेट्स, क्रीड़ा छात्र, ईको क्लब एवं एनएसएस वॉलंटियर्स प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

अंत में सौरभ आंचल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, साहस और जागरूकता बढ़ाने में सहायक रहा। विशेष रूप से छात्राओं को अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने की प्रेरणा मिली। ऐसे आयोजन महिला सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान करते हैं और भविष्य में भी इनकी निरंतरता आवश्यक है।

# आईजी से मिला सोनागिर कमेटी का प्रतिनिधिमण्डल

## चोरों की सुराग देने वाले को एक लाख ग्यारह हजार का इनाम

नवभारत न्यूज

**दतिया, 25 अप्रैल।** श्री दिगम्बर सिद्ध क्षेत्र सोनागिर कमेटी का प्रतिनिधि मण्डल चम्बल संभाग सुनील कुमार जी जैन से मिला और उन्हें सोनागिर से चोरी हुई मूर्ति के सम्बन्ध में समाज व्याप्त असंतोष से अवगत कराया। यदि 2 दिन में चोरों का पता एवं मूर्ति बरामद नहीं की गई तो सम्भागीय स्तर पर धरना, प्रदर्शन किया जाएगा।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि 4 ओर 5 अप्रैल की रात को जैन तीर्थ सोनागिर से चांदी की प्रतिमा ओर सिंहासन चोरी होने पर 20 दिन निकलने के बाद भी कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगने से सोनागिर कमेटी का प्रतिनिधिमण्डल ने डी आई जी चम्बल संभाग से शान्तपूर्ण जैन समाज के धैर्य की परीक्षा न लेने की अपील की एवं चोरों को पकड़ने और मूर्ति का पता बताने वाले को सोनागिर कमेटी की ओर से एक लाख ग्यारह हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। जैन समाज के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर धरना प्रदर्शन एवं थाने का घेराव किया जाएगा। सोनगिर कमेटी के महामंत्री बालचंद जैन ने बताया कि यदि दो दिन के अंदर मूर्ति बरामद नहीं होती हैं तो समाज के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर धरना प्रदर्शन एवं थाने का घेराव किया जाएगा। प्रतिनिधि मण्डल में सोनागिर कमेटी के मंत्री बालचंद जैन, कोषाध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र जैन, न्यासी डॉ. मुकेश जैन, विजय कुमार जी मामा, जिनेन्द्र कुमार जैन, अजित कुमार जैन, महावीर प्रसाद जैन आदि सदस्य उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

श्री हेमन्त कुमार शर्मा पुत्र श्री रमेशचन्द्र शर्मा के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम दतियागिर्द, प.ह.नं.00019, रा.नि.मं.दतिया, तहसील एवं जिला दतिया (म.प्र.) है जो नगर पालिका दतिया वार्ड क्र.23 (रामलला वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.1577/2858/12/1/1/1, 1577/2858/12/1/1/2 1577/2858/12/1/2, 1577/2858/12/2 ग्राम दतियागिर्द का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1250 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-भवन रामदयाल, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-सम्पत्ति दिनेश पाण्डेय एवं दक्षिण में भूखण्ड गोपी तिवारी है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री रतन पुत्र श्री घंसू काछी, श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री काशीप्रसाद गुप्ता, श्री राकेश कुमार सुहाने पुत्र श्री नाथूराम सुहाने के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती अंगूरीदेवी शर्मा पत्नी श्री रमेशचन्द्र शर्मा को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी09592017ए1184872 दिनांक 10.04.2017 से विक्रय की गई। श्रीमती अंगूरीदेवी शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री हेमन्त कुमार शर्मा पुत्र श्री रमेशचन्द्र शर्मा को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी22आईजीआर 17182025ए101065154 दिनांक 24.11.2025 से विक्रय की गई। श्री हेमन्त कुमार शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान सेन्ट्रम हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो।

प्रेषक- नीरज जैन (एडवोकेट)
कार्या.-भवन क्र.52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710